## एक नजर

### पुरानी रंजिश में युवक को पीटा

**बीसलपुर :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जसौली दिवाली निवासी सोनू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी गांव के ही एक परिवार से पुरानी रंजिश है। शुक्रवार को पुरानी रंजिश के चले आरोपियों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। शोर पर ग्रामीणों के जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खाई में पलटी बाइक, चालक घायल

**बीसलपुर :** शाहजहांपुर जनपद के कस्बा जलालाबाद के निवासी करन रिश्तेदारी में बीसलपुर नगर में रहकर बर्फ की फेरी लगाते हैं। शुक्रवार को बाइक से फेरी लगाने जा रहे थे। भड़रिया मोड़ पर पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। जिसमें वह घायल हो गए। घायल को सीएचसी भर्ती कराया गया है।

### 15 जून से दस्तक देगा मानसून, सड़कों पर जगह-जगह रेत बजरी के ढेर और नाला निर्माण के दौरान निकाली गई मिट्टी बनेगी मुसीबत

# ...ताकि इस बार शहर में न हो जलभराव, पुराने नालों की शुरू कराई सफाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर में बारिश से होने वाले जलभराव से बचाने के लिए नाले का निर्माण नहीं हो सका। ऐसे में हर बार की तरह भी मानसूनी सीजन में जलभराव की समस्या होना तय है। इधर, नगरपालिका पुराने नालों की सफाई करा जलभराव की समस्या रोकने के प्रयास में जुटी है ताकि पिछले साल की तरह इस बार फिर से जलभराव की समस्या न हो। हालांकि मानसून आने में अभी 40 दिन शेष हैं। पालिका इतने दिनों में नाले की सफाई कैसे कराएगी, चुनौती बनी हुई है।

शहर में कुल 27 वार्ड है। जिसमें 59 मोहल्ले और 21 कॉलोनी स्थापित हैं। ढाई लाख आबादी अपना जीवन यापन कर रही है। शहर में जलभराव की समस्या लंबे समय से है। जिसका निस्तारण नहीं हो सका है। हर बार नगरपालिका के जिम्मेदारों की इसे लेकर फजीहत होती है। शहर के चारों ओर पानी को निकालने के लिए करीब नौ करोड़ की लागत से 22 नए नालों का निर्माण कराया जा रहा है। आचार संहिता लागू होने से पहले इनका टेंडर करते हुए काम शुरु करा दिया था। मगर अभी तक नालों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। इतना ही नहीं नाला निर्माण के नाम पर सिर्फ मिट्टी खोदकर निकाल दी गई है। साथ ही जगह-जगह रेता बजरी के ढेर लगे हुए हैं। जो मानसून में समस्या बन सकते हैं। क्योंकि 15 जून से मानसून की शुरुआत होगी। जिससे जलभराव की समस्या बनती है। नालों का निर्माण पूरा न होने के कारण नगरपालिका ने पुराने नालों की सफाई कराना शुरु कर दी है। ताकि जलभराव की समस्या को कुछ हद तक रोका जा सके। आचार संहिता के चलते नगरपालिका स्वयं ही अपने संसाधनों से नाला सफाई करा रही है। नगरपालिका की ओर से रोडवेज से लेखराज चौराहा के आसपास सफाई कराई जा रही है। ताकि नालों में भरी गंदगी के ढेर निकाले जा सके। इसके अलावा कोतवाली रोड, पंजाबियान, फीलखाना, भूरेखां समेत अन्य नालों की सफाई भी कराई जाएगी। ईओ लाल चंद भारती ने बताया कि नाला निर्माण कराने के लिए कार्यदायी संस्था को पत्र जारी किया गया है। साथ ही नालों की सफाई कराई जा रही है। ताकि जलभराव की समस्या न होने पाए।

### अंधाधुंध खुदाई से पानी की लाइनें हो रही लीकेज

शहर में नाला निर्माण के लिए अंधाधुंध खुदाई से भले ही काम को रफ्तार नहीं मिल रही हो। मगर नुकसान दोगुना हो रहा है। जिसका खामियाजा जनता को भुगतान पड़ रहा है। नाला निर्माण की खुदाई से शहर में कई स्थानों पर पानी की लाइन लीकेज हो गई, तो कई जगह पूरी लाइन ही फट गई है। जिस वजह से घरों में जाने वाली पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। कई जगह लाइन लीकेज होने से गंदे पानी की समस्या भी आ रही है। बीते दिनों देशनगर में भी गंदा पानी आने को लेकर दिक्कतों को सामना करना पड़ा था। इसको लेकर जलनिगम ने नगरपालिका को पत्र भेजा था। इसके बाद नगरपालिका की ओर से कार्यदायी संस्थाओं को नोटिस जारी करते हुए लाइनों को ठीक कराया गया है।



अधूरा पड़ा नाला निर्माण का कार्य ● अमृत विचार

> अतिक्रमण से सफाई कराने में समस्या आ रही है। इसलिए सभी को पहले स्वयं ही हटाने के लिए अनाउंसमेंट करवाया गया है। फिर आगे अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। जुर्माना भी वसूला जाएगा। नालों की सफाई कराई जा रही है।
> – **लालचंद भारती,** ईओ नगर पालिका पीलीभीत



नाला सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# मौत बनकर घूम रहे छुट्टा पशुओं ने दो लोगों की जान ली

### बिलसंडा क्षेत्र में कैंचुआ मोड़ पुलिया के पास हुआ हादसा, छुट्टा पशु से टकराकर पुलिया से नीचे जा गिरे थे बाइक सवार

संवाददाता, बिलसंडा

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचार:** छुट्टा गोवंश जिले में लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हैं। ग्रामीण इलाकों में सड़क से लेकर खेतों तक इनकी धमाचौकड़ी मची हुई है। जिला प्रशासन इन छुट्टा पशुओं को गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित करने के दावे कर रहा है। लेकिन, हकीकत यह है अभी भी सड़कों व अन्य जगहों पर छुट्टा पशु लोगों की जान के दुश्मन बने हुए है। गोशाला में संरक्षित पशुओं के कागजी दावों के बीच शुक्रवार को सड़क पर घूम रहे छुट्टा पशुओं ने दो और जान ले लीं।

काम निपटाकर लौट रहे बाइक सवार दो युवक छुट्टा पशु से टकराने के बाद बाइक समेत पुलिया से नीचे गिर गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। बिलसंडा पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक राहुल।



शुक्रवार को प्रकाशित खबर।

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ढकिया महक शांतिबाबू ने बताया कि उनके रिश्तेदार बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम बकैनिया ताल्लुके रामपुर अमृत के राहुल (26) पुत्र रामचंद्र लाल और उसके रिश्तेदार हरदोई जनपद के थाना गोकुल बेहटा क्षेत्र के ग्राम सिरोमन नगर के ईशूबाबू (23) पुत्र रमेश चंद्र काम के सिलसिले में गुरुवार देर शाम कनपरिया गांव गए थे। कैंचुआ मोड़ पुलिया के पास पहुंचते ही बाइक छुट्टा पशु से टकराने के बाद पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की जान चली गई। उधर, परिवार वाले देर रात तक वापस न आने पर तलाश कर रहे थे। दूसरे दिन शुक्रवार सुबह शव पड़े मिलने पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर परिवार वाले भी आ गए। बिलसंडा पुलिस ने मौका मुआयना कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



घटना स्थल का मौजूद लोग। ● अमृत विचार

> सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। – **अजय कुमार,** इंस्पेक्टर बिलसंडा

### नांद गांव में रहकर करते थे मजदूरी

मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण किया करते थे। राहुल के बहनोई गांव नांद में रहते हैं।वह भी गांव में रहा करता था। इसके अलावा मृतक ईशूबाबू की शादी अभी 25 अप्रैल को ही नांद गांव की रहने वाली खुशबू से हुई थी। इन दिनों पत्नी अपने मायके में ही थी। दोनों गुरुवार शाम को घर से काम पर जाने की बात कहकर निकले। हालांकि किस काम से जा रहे थे। इसकी जानकारी कोई नहीं दे सका। दूसरे दिन शुक्रवार सुबह जब शव पुलिया के नीचे पड़े मिले तो परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वालों का रोकर बुरा हाल रहा।

### बाइकों की टक्कर में एक मौत, चार घायल

**गजरौला।** पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमपुरा फकीरे निवासी 40 वर्षीय प्रेमपाल पुत्र गयादीन खेती करते थे। शुक्रवार को वह दावत में शामिल होने के लिए पीलीभीत आ रहे थे। बाइक पर उनके साथ पत्नी राजकुमारी और 12 वर्षीय पुत्री संध्या थी। उधर, मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी रोहित राजपूत अपने दोस्त मोहल्ला काला मंदिर निवासी गौरव के साथ बाइक से पीलीभीत से माधोटांडा की तरफ जा रहा था। माधोटांडा रोड पर कल्याणपुर गांव के पास पहुंचते ही दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में प्रेमपाल की मौत हो गई जबकि अन्य चारों घायल हो गए।इसकी सूचना मिलने पर गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। घायलों को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। हादसे के चलते मौके पर भीड़ जमा रही।

### अमरिया के श्रमिक की बरेली में हादसे में मौत

**अमरिया, अमृत विचार :** ग्राम कैंचूटांडा के एक श्रमिक की बरेली के बहेड़ी थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में जान चली गई। बरेली पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज कार्रवाई में जुट गई है। अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कैंचूटांडा के रहने वाले सुखपाल (35) पुत्र इंद्रजीत मजदूरी करते थे। वह काम के सिलसिले में शुक्रवार सुबह बाइक से बहेड़ी जा रहे थे। ट्रैक्टर में हैड्रा बांधकर तेजी से आ रहा था। पचपेड़ा रोड पर पहुंचते ही ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुखपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी बहेड़ी भिजवाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर वहां से बरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल बरेली पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पर पहुंची संबंधित थाने की पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी पहुंच गए। सभी का रोकर बुरा हाल रहा। पत्नी शांति देवी का रोकर बुरा हाल रहा। मृतक की तीन पुत्री नीरज कुमारी (8), नीलम (6), सोनम (6 माह) हैं। चूंकि हादसा बहेड़ी क्षेत्र में हुआ था। ऐसे में परिजन ने बहेड़ी पुलिस को तहरीर दी है।



मृतक सुखपाल।

### नेशनल हाईवे पर पलटी श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली

**अमरिया :** बरेली–हरिद्वार नेशनल हाईवे पर हेतम डांडी गांव के पास श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 11 श्रद्धालु घायल हो गए। तीन की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। जनपद बरेली के थाना क्योलडिया क्षेत्र के गांव केलाडांडी के रहने वाले करीब 25 लोग उत्तराखंड के मां पूर्णागिरि दरबार में दर्शन करने के लिए गए थे। शुक्रवार को दर्शन कर ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर वापस लौट रहे थे। शाम करीब छह बजे हाईवे पर गांव हेतमडांडी के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में जयमंत्री देवी पत्नी अंगनलाल, संध्या पुत्री अंगनलाल, खुशी पुत्री बाबूराम, माया देवी पत्नी हरपाल, दिनेश पुत्र हरपाल, सुबोध पुत्र अंगनलाल, नरेन्द्र पुत्र अंगनलाल, अंगनलाल पुत्र कालीचरण, शिवम पुत्र हरीश कुमार, अनमोल पुत्र सुरेन्द्र, सुधीर पुत्र राधाकृष्ण घायल हो गए।

# खपरैल गिरने से दो मासूम व चार घायल

संवाददाता, बिठौराकलां

**अमृत विचार:** घर में सो रहे परिवार के ऊपर भरभराकर अचानक खपरैल गिर गई। जिसमें दो मासूम समेत चार लोग दब गए। चीख पुकार सुनकर परिवार के लोग पहुंचे। इसके बाद पड़ोस के अन्य लोगों के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बमुश्किल खपरैल में दबे लोगों को निकाला जा सका। इसके बाद आनन-फानन में घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां दो मासूम की हालत गंभीर बनी हुई है।

हादसा शुक्रवार सुबह पांच बजे की है। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव खाग निवासी तोताराम ने बताया कि उनका छप्परपोश मकान है। जहां सिर्फ ईटों की दीवार के ऊपर खपरैल पड़ी हुई है। शुक्रवार को घर में पांच वर्षीय बेटा अनमोल, भाई लालजीत का चार वर्षीय बेटा अनुराग, होरीलाल की 15 वर्षीय बेटी ममता और लीलावती पत्नी होरीलाल सो रही थी।

अन्य लोग घर में काम कर रहे थे। तभी अचानक सुबह पांच बजे खपरैल गिर पड़ी। जिसमें सभी लोग दब गए। धमाके की आवाज और चीख पुकार सुनकर परिवार के लोग दौड़ पड़े। किसी तरह घायलों को खपरैल के नीचे निकला गया। इसकी सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। एसओ गजरौला रूपा बिष्ट ने बताया कि घर की खपरैल गिरने से परिवार के चार लोग घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।



धायल ममता।



घायल अनुराग।



घायल अनमोल।

## विवाहिता को घर से निकाला, पति समेत छह पर रिपोर्ट

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले शाहजहांपुर जनपद के बंडा थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक से हुई थी। आरोप है कि पति बाहरी लोगों को घर में लाकर छेड़छाड़ कराता था। बाहरी लोगों से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। इतना ही नहीं एक लाख रुपये और बाइक की मांग पूरी न होने पर उसे पीटकर घर से निकाल दिया। इसके बाद से वह मायके में रह रही है। पुलिस ने मामले में पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बदलाव किसी कीमत पर स्वीकार नहीं हरबंस सिंह को अध्यक्ष बनाए रखने की मांग

संवाददाता, पूरनपुर

- गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा कमेटी व सिख संगत ने अल्पमत से नए अध्यक्ष का चुनाव गलत ठहराया
- सिख संस्थाओं से आपस में बैठकर इस मामले का हल निकालने की अपील

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारा में अध्यक्ष पद के विवाद को लेकर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा कमेटी और सिख संगत ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया कि कमेटी के अध्यक्ष हरबंस सिंह गुरुद्वारा साहिब का सही प्रबंधन कर रहे थे। कुछ लोग उन्हें अध्यक्ष पद पर देखना नहीं चाहते।

अल्पमत से किया नए अध्यक्ष का चुनाव गलत बताया। नए अध्यक्ष को अस्वीकार करने की बात कहते हुए करते हुए हरबंस सिंह चुघ को ही अध्यक्ष बनाए रखने की मांग की। उन्होंने कहा प्रबंध समिति में बदलाव संगत स्वीकार नहीं करेगी। सिख संस्थाओं से भी गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में चल रहे विवाद को हल करने की अपील की गई।

शुक्रवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा ब्लॉक रोड पर सिख संगत की बैठक हुई। इसमें डेली गेट सुखदेव सिंह और भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में उत्तराखंड में स्थित गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में अध्यक्ष पद के विवाद को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक के बाद सिख संगत तहसील पहुंची। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला को सौंपा। इसमें कहा गया कि गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में अध्यक्ष पद को लेकर जो घटित हुआ। उससे सिख संगत की भावनाएं आहत हुई है। इसको लेकर समाज में भारी रोष है।

गुरुद्वारा में संवैधानिक प्रक्रिया से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चयन हुआ जिसमें हरबंस सिंह चुघ को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया था। कुछ लोग नहीं चाहते कि वह अध्यक्ष बने रहे। इसको लेकर प्रबंधन कार्यों में लगातार व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। अंदरुनी रंजिश के चलते अध्यक्ष हरबंस सिंह चुघ और अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई। इसको लेकर हरबंस सिंह चुघ ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। 27 में से 16 सदस्यों के आग्रह पर हरबंस सिंह ने त्यागपत्र वापस ले लिया और अध्यक्ष बनकर कार्यभार ग्रहण कर लिया।

इसके बावजूद महासचिव ने बैठक कर त्यागपत्र को अल्पमत से स्वीकार करते हुए नए अध्यक्ष पद पर जोगिंदर सिंह का चयन कर दिया। आरोप लगाया कि नया अध्यक्ष गलत तरीके से चुना गया है। पुराने अध्यक्ष हरबंस सिंह चुघ को ही अध्यक्ष बनाए रखने की मांग की गई। उत्तराखंड सरकार से सिख संगत की भावनाओं और नानकमत्ता साहिब की पवित्रता की महत्ता को ध्यान में रखते हुए पहले चुनी गई प्रबंध कमेटी का सुचारू रूप से संचालन करने में सहयोग करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष रंजीत सिंह, सुखदेव सिंह, भूपेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, सुखदेव सिंह, बलजीत सिंह खैरा, बाबा मानसिंह, रूप सिंह, हरेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, मनप्रीत सिंह, परगट सिंह, गुरमेज सिंह, अमरीक सिंह आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा कमेटी और सिख संगत के पदाधिकारी।






## हादसे में बुजुर्ग घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पिपराखास के माखनलाल शुक्रवार शाम साइकिल से घर लौट रहे थे। रम्पुरा नत्थू नहर की पुलिया के आगे पहुंचते ही बाइक की टक्कर से वह घायल हो गए।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत दहेज हत्या का आरोप

**बीसलपुर :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप ससुरालियों पर लगाया। पुलिस तहरीर मिलने पर जांच में जुट गई है। थाना क्षेत्र के ग्राम नांद निवासी रामेंद्र ने बताया कि उनकी पुत्री किटी (21) की शादी एक साल पहले ग्राम ढकवारा के युवक से की गई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल पक्ष ने एक लाख रुपये और बाइक की मांग शुरू कर दी। इसके पूरा न होने पर प्रताड़ित करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या कर दी। इसकी जानकारी शुक्रवार सुबह उन्हें मिली। जिसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे। आरोप है कि इस पर ससुराल वाले मायके वालों पर हमलावर हो गए और अभद्रता की गई। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सोने-चांदी के दाम बढ़ने की वजह से छोटी दुकानों पर सन्नाटा, बड़े शोरूमों पर भी नहीं हुई खूब बिक्री

# महंगाई की मार...अक्षय तृतीया पर फीका रहा सराफा कारोबार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** धार्मिक मान्यता के आधार पर अक्षय तृतीया पर शुभ मानी जाने वाली सोने की खरीद की वजह से जिलेभर के सराफा बाजार में ग्राहक खरीदारी करने के लिए पहुंचे। हालांकि इस बार बाजार पर पूरी तरह से अक्षय तृतीय का रंग नहीं चढ़ सका। इसके पीछे लोग सोने-चांदी में हो रही लगातार बढ़ोत्तरी को कारण बता रहे हैं। पहली बार अक्षय तृतीय के शुभ मौके पर सराफा बाजार ने सोने-चांदी की खरीद करने वाले ग्राहकों को राहत नहीं मिली। अक्षय तृतीय के दिन ही पक्के सोन में एक हजार रुपये की बढ़ोत्तरी हो गई। वहीं चांदी की चमक भी ऊपर नीचे होती रही। सोने के भाव बढ़े होने की वजह से ज्वैलरी के भाव पर भी असर पड़ा है। इसलिए इस बार सराफा में अधिक धनवर्षा नहीं हो सकी। हालांकि बड़े शोरूमों पर ग्राहकों का दिन पर सिलसिला जारी रहा। कारोबारियों की मानें तो इस बार सोने पर छाई महंगाई की वजह से इस अक्षय तृतीय पर कारोबार हल्का रहा।


बाजार में एक दुकान पर ज्वैलरी की खरीदारी करती महिलाएं। ● अमृत विचार

शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर तमाम लोगों ने नए कार्यों की शुरुआत की। सराफा बाजार को रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। कई स्थानों पर फूलों से ग्राहकों का स्वागत हुआ। सुबह से ही सराफा की दुकानों पर ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंचना शुरु हो गए। हालांकि दोपहर में गर्मी का असर दिखा और आवाजाही कम रही। शुक्रवार को पक्के सोने का रेट 73 हजार प्रति तोला रहा। जबकि एक मई को यह रेट एक 71 हजार रुपये था। जबकि चांदी का भाव 830 रुपये रहा। अक्षय तृतीया पर सोने के दामों में राहत न मिलने पर शहर के चौक बाजार, जेपी रोड, स्टेशन रोड, लाल रोड पर सराफा की दुकानों पर ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंचे। यहां अंगूठी, जंजीर, इयररिंग आभूषणों की खरीदारी की। हालांकि पिछले साल की तुलना कारोबार में गिरावट रही। सराफा कारोबारी विकास सिंह की मानें तो कारोबार हल्का रहा है। क्योंकि इस बार रेट में कई बार अंतर देखने को मिला। पिछले साल अक्षय तृतीय से एक दिन पहले पक्के सोने का भाव 52,990 रुपये प्रति तोला था। जबकि इस बार 73 हजार पहुंच गया है। जिस वजह से बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है।

- कारोबारी बोले- इस बार महंगाई ने तोड़ी कमर, पिछले साल की तुलना हल्का रहा कारोबार

### संख्या तो बढ़ी, लेकिन सोने की बिक्री कम

लगातार सोने-चांदी के भाव में उतार चढ़ाव की वजह से ग्राहक परेशान रहे। इस अक्षय तृतीया को लेकर खरीदारी करने के लिए तो निकले, लेकिन अधिकतर पुराने सोने को उलट-पुलट करके ही नई ज्वेलरी की खरीदारी करते रहे। सराफा कारोबारी आकाश वर्मा बताते हैं कि नवरात्र के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि व्यापार में काफी गिरावट आई है। सोना आम आदमी की पहुंच से दूर चला गया है। महंगाई की वजह से पहले की तुलना सोने की खरीदारी कम हुई है। जिस वजह से भीड़ तो दिखी, लेकिन खरीदारी का स्तर कम रहा है। लोगों ने एक दो चीजें खरीदकर ही रस्म अदायगी की।

### ग्राहकों को लुभाने के लिए ऑफर चलाया

इस अक्षय तृतीया पर तमाम सराफा कारोबारियों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए तमाम तरह के ऑफर और गिफ्ट रखे। ताकि ग्राहक आकर्षित हो सके। एक तोला सोने पर गिफ्ट के साथ खरीदारी पर ऑफर दिए गए। जिस वजह से शोरूमों पर जमकर खरीदारी की गई। किसी ने ग्राहक को गिफ्ट में चांदी के लक्ष्मी गणेश, पानी की बोतल, तो कहीं लंच बॉक्स दिए गए।

## केबल डालने में कटी बीएसएनएल की लाइन, इंटरनेट ठप

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बिजली लाइन डालने के लिए चल रही अंधाधुंध खुदाई से बीएसएनएल की केबिल कट गई। जिस वजह से कस्बे में चार दिनों से इंटरनेट सेवा ठप होने से कस्बे की बैंक समेत कई अन्य संस्थानों में कार्य बाधित हो रहा है।

बीएसएनएल विभाग की ओर से कस्बे में इंटरनेट सेवा को चालू करने के लिए पीलीभीत बीसलपुर नेशनल हाईवे के किनारे ओएफसी केबिल लाइन सड़क के नीचे बिछाई गई थी। जिससे कस्बे में स्थित दूरभाष उप केंद्र के द्वारा बैंक ऑफ़ बडौदा, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, यूनियन बैंक, थाना, ब्लॉक, नगर पंचायत, बीआरसी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय आदि सरकारी कार्यालय में इंटरनेट सेवा चालू रहती है। इधर, नेशनल हाईवे बनने के कारण बिजली विभाग की ओर से अपनी लाइन शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन बिजली विभाग ने ओवरहेड लाइन न डालकर भूमिगत केबिल डालने के लिए चार दिन पहले मशीन से सड़क किनारे खुदाई करना शुरु कर दी। जिस वजह से वहां पहले डाली गई बीएसएनएल की ओएफसी केबिल कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई। लाइन कटने की वजह से कस्बे में चार दिनों से इंटरनेट सेवा ठप पड़ी है। इंटरनेट बंद होने से बैंक आदि में काम नहीं हो पा रहा है। वहीं कई अन्य सरकारी कार्यालयों में भी ऑनलाइन कार्य नहीं हो पा रहा है। शिकायत के बाद बीएसएनएल की ओर से भी अभी तक लाइन को दुरुस्त नहीं किया जा सका है। जिस वजह से कस्बे के लोगों को परेशानी आ रही है।

# बंद मकान में धमाका...लिंटर में पड़ी दरारें, ढह गई दीवार

### शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद में गुरुवार देर रात हुआ था हादसा, आग लगने का कारण पता न चलने पर उठे सवाल, छानबीन में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** रहस्यमय ढंग से एक बंद मकान में देर रात धमाका होने के बाद भीषण आग लग गई। जिससे मकान के लिंटर में दरारें पड़ गई और दीवार ढह गई। घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचा। हालांकि न तो सिलेंडर जला मिला न ही शार्ट सर्किट होने के साक्ष्य मिल। ऐसे में हादसे को लेकर पुलिस की टीमें छानबीन में जुटी है। एसपी ने भी मौका मुआयना कर जानकारी की। आसपास के लोगों से भी घटना के बारे में पता किया। मामला पूरे दिन शहर में चर्चा का विषय बना रहा। इसे लेकर हर कोई अपने स्तर से कयास लगाता रहा।

शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद के रईस हुसैन करीब छह माह से नेपाल के धनगढ़ी में परिवार के साथ रहकर फलों का काम कर रहे हैं। उनका भाई इमरान भी उनके साथ रहता है। मकान में उनका घरेलू सामान रखा है। बाहरी परिसर में शरीफ खां चौराहा के नजदीक के फरीद अहमद परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार को फरीद परिवार के साथ बरेली गए थे। मकान बंद था। चाबी सामने रहने वाली मोहल्ले की इशरत बेगम के पास रखी थी। बताते हैं कि गुरुवार देर रात करीब ढाई बजे तेज धमाका हुआ और फिर बंद मकान से आग की लपटें उठने लगी। एक तरफ की दीवार ढह गई। लिंटर और अन्य दीवारों में दरारें पड़ गई। नजदीक का पेड़ भी जल रहा था। आग की ऊंची लपटें देख आसपास के लोगों के भी होश उड़ गए।


मोहल्ला शेर मोहम्मद में इसी मकान में धमाका के बाद लगी आग। ● अमृत विचार


मौका मुआयना कर जानकारी करते एसपी अविनाश पांडेय। ● अमृत विचार


टूटे दरवाजा देखता पुलिसकर्मी।

- पड़ोसियों ने बमुश्किल पानी डालकर पाया आग पर काबू
- एसपी ने भी मौका मुआयना कर फॉरेंसिक टीम भी लगाई

कुछ ही देर में भीड़ जमा हुई और फिर लोगों ने अपने घरों से पानी की मोटर चलाकर पानी की व्यवस्था की। जिसके बाद कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू किया। सूचना मिलने पर रात को कोतवाल नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। मगर, ब्लास्ट और आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। घर पर घरेलू सिलेंडर सुरक्षित था। वायरिंग को देखने पर भी शार्ट सर्किट जैसी कोई बात प्रतीत नहीं हुई। जिससे मामला उलझ गया।

मकान को पुलिस ने टेप लगाकर सील कर दिया। फारेंसिक टीम मौके पर पड़ताल करने में जुटी रही। शुक्रवार दोपहर को एसपी अविनाश पांडेय, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। आसपास के लोगों से भी बात की गई लेकिन कुछ खास क्लू निकलकर सामने नहीं आ सका। फिलहाल पुलिस फॉरेंसिक टीम की मदद से सुरागरसी कर रही है।


धमके के बाद लगी आग में पड़ी दरारें और ढही दीवारों का मलबा। ● अमृत विचार

### मुस्तैद रही पुलिस, लोग पहुंचकर देखते रहे मंजर

इस हादसे के बाद हर कोई एक ही सवाल करता दिख रहा था कि आखिर ब्लास्ट हुआ कैसे? इसका जवाब किसी के पास नहीं था। महिला की ओर से बताई गई कहानी भी लोगों के गले नहीं उतर रही थी। चूंकि वह घायल तो हुई है, इसलिए स्थिति स्पष्ट कोई नहीं कर पा रहा था। पूरे दिन मकान को सील करके फॉरेंसिक एक्सपर्ट छानबीन करते रहे। पुलिस बल मौके पर मुस्तैद रहा। आसपास के अन्य मोहल्लों के लोग भी मकान का मंजर देखने पहुंचते रहे। सूचना मिलने पर मकान मालिक रईस हुसैन भी नेपाल से आ गए और जानकारी की। उनका कहना था कि बाहर की तरफ किराएदार रहता था। कमरों में ताला पड़ा रहता था।

### महिला बोली- घर पर थे चार लोग, पकड़कर धारदार हथियार से किया हमला

मकान की चाबी मोहल्ले की ही इशरत बेगम के पास रखी गई थी। वह भी घायल हुई है। उनका इलाज एक निजी अस्पताल में परिवार वाले करा रहे हैं। मगर उनकी ओर से बताई गई कहानी के बाद पहले से उलझी गुत्थी में और सस्पेंस बढ़ा दिया है। इशरत बेगम के परिजन शुक्रवार को मौके पर मौजूद थे। उनका कहना था कि देर रात जब धमाके की आवाज आई तो इशरत बेगम चाबी से ताला खोलकर मकान में घुस गई। वहां पर चार लोग मौजूद थे। उन्होंने इशरत बेगम को पकड़ लिया और हमला किया। धारदार हथियार से उनके सिर और मुंह पर वार किए गए। जिसमें वह घायल होने के बाद बमुश्किल खुद को छुड़ाकर बाहर की तरफ निकल गई। हालांकि हमला करने वाले चार लोग कहां गए इसे लेकर कोई कुछ नहीं बता सका। आसपास के लोगों का कहना था कि जब धमाके की आवाज सुनकर वह बाहर आए तो आग की लपटें उठ रही थी। महिला पहले से घायल थी और मकान का मेन गेट टूटा पड़ा था। आग बुझाने के दौरान कुछ सामान जरूर लोगों ने बाहर की तरफ निकाल दिया। लेकिन कोई भी बदमाश किसी को नहीं दिखा। कुछ लोगों का कहना था कि जब आग लगी तो उस पर काबू करने के लिए मकान का गेट तोड़ा गया था। ऐसे में कहानी उलझती चली गई।

> मौका मुआयना कर जानकारी की गई है। प्रथम दृष्टया ब्लास्ट का प्वाइंट फ्रिज की तरफ का निकल रहा है। उसके पास बैड भी रखा है। ब्लास्ट के बाद बेड में आग लगी होगी। जनपद की फॉरेंसिक टीम ने पड़ताल कर ली है। हायर फॉरेंसिक टीम भी बुलाई जा रही है। महिला के पास ही चाबी रहती थी। सभी बिंदुओं पर पड़ताल चल रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।
>
> – अविनाश पांडेय, एसपी

### फ्रिज की तरफ से धमाका होने की आशंका, एक्सपर्ट बुलाए

शुक्रवार को सुबह से ही जिला स्तरीय फॉरेंसिक एक्सपर्ट घटनास्थल पर सुरागरसी करने में जुटे हुए थे।दोपहर में एसपी ने भी बारीकी से जानकारी जुटाई। इस दौरान प्रथम दृष्टया सामने आया कि फ्रिज जिस तरफ रखा हुआ है। ब्लास्ट तो उधर ही हुआ है। पहले ब्लास्ट हुआ और उसके बाद आग लगने का अंदेशा जताया जाता रहा। मकान की वायरिंग भी चेक कराई जा रही है। इसके अलावा बाहर से भी फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को एसपी ने बुलाया है, ताकि गहनता से पड़ताल हो सके।

## जिम में तलाकशुदा युवक को दिल दे बैठी युवती, प्रेमी हिरासत में

**पूरनपुर, अमृत विचार:** जिम में कसरत करने के दौरान युवती तलाकशुदा युवक को दिल दे बैठी। इसके बाद उसी के साथ चली गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को बरामद कर लिया। युवती प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही। युवती के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- शिकायत पर पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में लिया
- युवती के बयान के आधार पर की जाएगी कार्रवाई

क्षेत्र की एक युवती रोजाना जिम जाती थी। माधोटांडा का रहने वाला एक व्यक्ति भी उसी जिम में आता था। जिम करने के दौरान दोनों में बातचीत शुरू हो गई। उसके बाद प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों की मुलाकात जिम में ही होने लगी। बीते 26 अप्रैल को युवती जिम पार्टनर के साथ घर से चली गई। काफी तलाश के बाद भी उसके बारे में पता नहीं चल सका। इस पर युवती के पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की तो प्रेम कहानी का खुलासा हो गया। पुलिस ने युवती को उसके जिम पार्टनर के साथ बरामद कर लिया। दोनों को कोतवाली लाकर पूछताछ की गई। युवती अपनी मर्जी से युवक के साथ जाने की बात कहती रही। युवक तलाकशुदा है। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि युवती अपनी मर्जी से गई थी। कोर्ट में दिए गए बयान के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## फ्लाईओवर निर्माण : बिजली की लाइन हटाने का काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** निर्माणाधीन फ्लाईओवर के निर्माण में बाधक बनी बिजली लाइन शिफ्टिंग का कार्य शुक्रवार से शुरू कर दिया गया। बिजली लाइन की शिफ्टिंग के चलते रामलीला फीडर के अलावा दो अन्य फीडरों की बिजली सप्लाई शाम पांच बजे तक ठप रही।

शहर में यातायात को सुगम बनाने के लिए असम हाईवे पर फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा रहा है। फ्लाईओवर निर्माण में 33 केवी की बिजली लाइन रोड़ा बनी हुई थी। जिस पर पावर कारपोरेशन को बिजली लाइन के शिफ्टिंग के आदेश दिए गए थे। हालांकि इसके बाद भी बिजली लाइन को नहीं हटाया गया था। जिसके चलते फ्लाईओवर निर्माण के कार्य में तेजी नहीं आ पा रही थी। कुछ दिन पूर्व डीएम संजय कुमार सिंह निर्माणाधीन फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पावर कारपोरेशन के अधिशासी अभियंता को तत्काल बिजली तार हटवाने के निर्देश दिए थे। इधर शुक्रवार को बिजली कर्मचारियों द्वारा 33 केवी की बिजली लाइन को शिफ्ट करने का कार्य किया गया है। बिजली लाइन की शिफ्टिंग के चलते 33 केवी रामलीला फीडर, टाउन वन और टाउन टू फीडर की बिजली सप्लाई शाम पांच बजे तक ठप रही। सप्लाई ठप होने से फीडर से जुड़े सैकड़ों उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी में खासी परेशानियों को सामना करना पड़ा। इधर बिजली लाइन शिफ्टिंग होने के बाद फ्लाईओवर के निर्माण में तेजी आ सकेगी।

- रामलीला फीडर समेत तीन फीडरों की सप्लाई शुक्रवार को शाम पांच बजे तक रही बंद


बिजली लाइन हटाते कर्मचारी।

## पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश

**मझोला, अमृत विचार:** नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा परिसर में शुक्रवार को मेरा आंगन मेरी हरियाली कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। अधिशासी अधिकारी हरिपाल गंगवार, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अंशुल गुप्ता, नगर पंचायत लिपिक बैजनाथ यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर विकास कुमार, राकेश कुमार, चंदन कुमार आदि लोगों ने नगर पंचायत गुलडिया भिंडारा परिसर में पौधरोपण किया। नगर के नेहरू इंटर कॉलेज में में भी बच्चों ने पौधारोपण किया। दूसरों को भी पौधरोपण के लिए जागरूक किया गया।


पौधरोपण करते कर्मचारी।

## 1.40 लाख के घोटाले में प्रधान के अधिकार सीज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम ने 1.40 लाख रुपए के गबन समेत अन्य अनियमितताएं में फंसे ग्राम चांदडांडी के प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। जांच में तीन सचिवों समेत तकनीकी सहायक एवं रोजगार सेवक भी दोषी मिले हैं। इन पर भी गाज गिरना तय है।

ललौरीखेड़ा ब्लाक की ग्राम पंचायत चांदडांडी के ग्रामीणों ने गत वर्ष अक्तूबर में तत्कालीन डीएम को शपथ पत्र देकर ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों के नाम पर धांधली करने की शिकायत की थी। जिसकी जांच के लिए जिला ग्राम्य विकास संस्थान के जिला प्रशिक्षण अधिकारी एवं शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता जांच अधिकारी नामित किया गया। टीम ने मौके पर जाकर जांच की तो पता चला कि प्रधान ने ग्राम निधि खाते से 16500 रुपए निकालकर अपने व्यक्तिगत खाते में मजदूरी का भुगतान ले लिया।

वहीं मनरेगा के तहत गांव में लगातार दो वर्षों में नाली खुदाई के नाम पर 1,40,556 रुपए निकालकर हड़प लिए। जांच में बिना टेंडर स्ट्रीट लाइट के नाम पर एक फर्म को सीधे भुगतान करना भी पाया गया। जांच टीम ने इस पूरे प्रकरण में ग्राम प्रधान, तत्कालीन सचिव वीरेंद्र कुमार, अतुल पाठक, अखिलेश गुप्ता, तकनीकी सहायक मोहम्मद कय्यूम एवं रोजगार सेवक ब्रजेश कुमार दोषी पाते हुए रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी। इसके बाद ग्राम प्रधान एवं सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा। संतोषजनक जवाब न देने पर डीएम संजय कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान महेंद्र पाल के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए। डीएम ने मामले की अंतिम जांच के लिए उप कृषि निदेशक एवं लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता को जांच अधिकारी नामित करते हुए 15 दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं बीडीओ पंचायत सदस्यों की सूची डीपीआरओ कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### दोषी तत्कालीन सचिव के खिलाफ शासन को लिखा

इस पूरे प्रकरण में दोषी सभी तीन सचिवों समेत तकनीकी सहायक एवं रोजगार सेवक पर गाज गिरना भी तय हो गया है। डीएम ने पंचायती राज निदेशक से दोषी पाए गए तत्कालीन सचिव/एडीओ पंचायत अतुल पाठक के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की है। वहीं डीपीआरओ को वर्तमान सचिव अखिलेश गुप्ता एवं तत्कालीन सचिव वीरेंद्र कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उपायुक्त श्रम-रोजगार को तकनीकी सहायक मोहम्मद कय्यूम एवं रोजगार सेवक बृजेश कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

- चांदडांडी के ग्राम प्रधान पर नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं देने पर डीएम ने की कार्रवाई
- जांच में दोषी पाए तीन सचिवों समेत तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक पर भी कार्रवाई होना तय

## काश इतना ही संजीदा हो जाएं मेडिकल कालेज के जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पिछले कई दिनों से फजीहत करवा रही मेडिकल कालेज की व्यवस्थाएं शुक्रवार को कुछ ठीक ठाक दिखी। इमरजेंसी के साथ ही अक्सर वीआईपी को लेकर रिजर्व रहने वाला आईसीयू वार्ड भी मरीजों को लाभ देता दिखा। डॉक्टर से लेकर अन्य स्टाफ भी मुस्तैद दिखा। हालांकि ये व्यवस्था कितने दिन ऐसी बनी रहेगी, इसको लेकर मरीज और तीमारदार भी सवाल उठाते रहे।

पीलीभीत जिला अस्पताल को मेडिकल कालेज का दर्जा तो मिला लेकिन व्यवस्थाएं और बदतर होती चली गई। पिछले कई दिनों से इसे लेकर तमाम मामले सामने आते रहे। एक डॉक्टर को गुरुवार को ही निलंबित कर दिया था। शुक्रवार को असम हाईवे पर तड़के हादसा हुआ और तीन लोगों की जान गई जबकि 33 घायल हो गए। बिलसंडा में दो लोगों की जान गई। गजरौला और अमरिया में भी एक एक मौत हुई। अमरिया में श्रद्धालु की ट्राली पलटी और 11 घायल हुए। इसके अलावा कई हादसे भी हुए। असम हाईवे पर हुए हादसे को लेकर खुद डीएम पहुंचे थे और शासन तक मामला पहुंच गया था। इसका असर रहा कि दिनभर हादसों के चलते अस्पताल की व्यवस्था और जिम्मेदार संजीदा दिखे। इसे लेकर भर्ती मरीज वा उनके तीमारदार भी कहते दिखे कि इसी तरह से जिम्मेदार संजीदा हो जाए तो काफी राहत मिलेगी। खास बात थी कि मेडिकल कालेज में आईसीयू वार्ड वीआईपी को लेकर ही खुलता था। आज वह भी चालू दिखा।

- शुक्रवार को सुबह से देर शात म होते रहे हादसों के बाद आईसीयू में भी रही सतर्कता

## हिंजामं कार्यकर्ताओं ने एसडीएम का किया घेराव

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** ग्राम खंनका उचसिया में नोएडा की कंपनी द्वारा लगाए गए सौर ऊर्जा प्लांट के प्रबंधक पर ग्राम समाज की भूमि के साथ ही महिला की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया गया। कई बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर गुस्साए हिंदू जागरण मंच कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम का घेराव किया। इसके बाद मौके पर ले जाकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की गई।

करीब एक वर्ष पूर्व नोएडा की सौर ऊर्जा कंपनी की ओर से क्षेत्र के ग्राम खनंका उचसिया में सौर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिए कई एकड़ भूमि खरीदी गई थी। आरोप है कि खरीदी गई भूमि के साथ-साथ सौर ऊर्जा प्लांट लगाने वाली कंपनी के प्रबंधक समेत अन्य जिम्मेदारों ने नदी किनारे व आसपास की करीब 50 बीघा जमीन भी अपने प्लांट के अंदर ले ली। ग्राम खनका निवासी प्रेम राज जो किसी अभियोग के अंतर्गत जेल के अंदर बंद है उसकी खेत की देखभाल उसकी पत्नी गौरी देवी करती चली आ रही है। उसकी जमीन पर भी कब्जा कर लिया। ये जमीन करीब साढ़े नौ बीघा बताई गई है।


एसडीएम से वार्ता करते हिंदू जागरण मंच कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पहले कई बार प्रार्थना पत्र दिए गए लेकिन जांच के नाम पर टाल दिया। सही तरीके से जांच तक नहीं की गई है। इसकी शिकायत डीएम से की गई। जिसके बाद जांच एसडीएम बीसलपुर महिपाल सिंह को दी गई। जिस पर शुक्रवार को महिला के साथ हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष यशवंत सिंह दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचे और एसडीएम का घेराव कर दिया। यह भी चेतावनी दी कि जब तक इस मामले का निस्तारण नहीं हो जाएगा वह तहसील से हटकर नहीं जाएंगे। जिसके बाद एसडीएम महिपाल सिंह, तहसीलदार करम सिंह, नायब तहसीलदार वीरेंद्र प्रताप सिंह, कोतवाल अशोक पाल पुलिस बल के साथ मौके पर गए और जांच की। इसके पश्चात उन्होंने सौर ऊर्जा प्लांट के मैनेजर को चेतावनी दी की जितनी भी भूमि ग्राम समाज की है और महिला गौरी देवी की है उसे तत्काल खाली कर दें अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्लांट के मैनेजर ने एक माह का समय मांगा। जिस पर वह लोग तैयार हो गए और वापस चले गए। इस मौके पर केशव वैश्य, विवेक श्रीवास्तव, नागेंद्र सिंह, ऋषभ पांडे, अनूप मिश्रा आदि मौजूद थे।

- सौर ऊर्जा प्लांट प्रबंधक पर महिला की जमीन कब्जाने का लगाया आरोप

## एक नजर

### सांड से टकराई बाइक युवक घायल

**बरखेड़ा।** कोतवाली बीसलपुर के गांव चंद्पुरा के रहने वाले मुन्ना गांव पौटाकला में अपनी नानी अशरती बेगम के यहां रहकर डीजे का काम करते हैं। शुक्रवार को उनका छोटा भाई अरबाज उसके पास पौटाकला गया था। उनके मुताबिक शाम के समय अरबाज बाइक से घर लौट रहा था कि कुछ दूरी पर पीलीभीत बीसलपुर रोड पर पौटाकला गांव के पास स्थित एक ईट भट्टे के पास उनकी बाइक आवारा गोवंश से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### छप्पर में लगी आग से हजारों का सामान जला

**मझोला।** ग्राम भरा पचपेड़ा में गुरुवार रात वासुदेव मधु के छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कुछ ही देर में आग की चपेट में आने से घरेलू सामान जलकर पूरी तरह से राख में तब्दील हो गया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने का पता चलते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। किसी तरह बाल्टियों से पानी की बौछार कर आग पर काबू किया। इस आगजनी की घटना में दो पशु भी बुरी तरह से झुलस गए। पीड़ित ने बताया कि हादसे में दो साइकिल, नल, मोटर, चारपाई बिस्तर, अनाज समेत लाखों का सामान जल गया। क्षेत्रीय लेखपाल विनय गंगवार ने सूचना मिलने पर मौका मुआयना कर घटनाक्रम की जानकारी जुटाई।

### मामूली कहासुनी के बाद मारपीट

**दियोरियाकलां।** मामूली कहासुनी के बाद एक युवक की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव टेहरी के रहने वाले बबलू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही प्रेम बाबू, छोटा, छेदा लाल उसके साथ ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। सभी की आपस में हंसी मजाक हो जाती थी। शुक्रवार को मामूली कहासुनी के बाद आरोपियों ने पीड़ित की पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# हादसे के बाद हाईवे से अस्पताल तक अलर्ट...अफसरों ने खुद संभाली कमान

## बेहतर इलाज मुहैया कराने को 15 डॉक्टरों की टीम इमरजेंसी में कर दी गई मुस्तैद, डीसीएम के पेड़ से टकराने के बाद मची रही अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** असम हाईवे पर हुए सड़क हादसे का पता चलते ही पुलिस -प्रशासनिक अमला अलर्ट हो गया। हाईवे से लेकर जिला अस्पताल तक भारी पुलिस बल पहुंच गया। घायलों को डीसीएम से निकलवाने के बाद अस्पताल पहुंचाकर बेहतर इलाज दिलाने के लिए खुद अधिकारियों ने कमान संभाली। डीएम-एसपी, सीएमओ खुद मौजूद रहकर देखरेख करते रहे। हर तरफ चीख पुकार मची रही। अपनों का हालचाल जानने की घायलों में होड़ मची रही।

हादसे में मरने वाले डीसीएम चालक के अलावा अन्य समस्त लोग मृतक और घायल लखीमपुर खीरी जनपद के ही रहने वाले हैं। ये सभी गरीब परिवार से जुड़े मजदूरी पेशा लोग हैं। बीते माह सभी परिवार के साथ मजदूरी करने के लिए मेरठ गए थे। वहां पर गन्ना छिलाई का काम करना था। काम पूरा होने के बाद समस्त श्रमिक डीसीएम किराए पर करने के बाद लखीमपुर खीरी जा रहे थे। गुरुवार रात को ही वह रवाना हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि डीसीएम की रफ्तार भी तेज रही होगी और चालक को झपकी आ गई।

जिसके चलते डीसीएम अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और चालक की नींद की झपकी न सिर्फ उसके लिए बल्कि दो अन्य श्रमिकों का काल बन गई। इस हादसे की खबर जैसे ही पुलिस प्रशासन तक पहुंची तो खलबली मच गई। आनन-फानन में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गई। बचाव कार्य करते हुए एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल पहुंचाया जाने लगा। सीएमओ डॉ.आलोक कुमार, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ.संगीता अनेजा, सीएमएस पुरुष अस्पताल डॉ.संजीव सक्सेना 15 डॉक्टरों की टीम के साथ पहले से ही इमरजेंसी में अलर्ट हो गए। जैसे-जैसे घायल पहुंचते रहे, उन्हें भर्ती करके इलाज कराया जाता रहा। डीएम-एसपी भी व्यवस्थाएं परखने में जुटे रहे और घायलों को बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए गए। घायलों में अधिकांश बच्चे भी थे। ऐसे में उनके परिजन खुद घायल होने के बावजूद अपनों की चिंता में इधर-उधर भटकते रहे। करीब दो घंटे तक हाईवे से लेकर अस्पताल तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।


असम हाईवे पर हादसे के बाद क्षतिग्रस्त डीसीएम को हटाती क्रेन। ● अमृत विचार


मेडिकल कॉलेज में घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी करते डीएम संजय कुमार सिंह।


मेडिकल कॉलेज के आईसीयू वार्ड में घायल बच्चों का इलाज करते स्वास्थ्यकर्मी।


घायलों का इलाज करते सीएमएस डॉ .संजीव सक्सेना। ● अमृत विचार


बच्चे को गोद लिए मृतका समीना का पति।

### ये लोग हुए घायल

समस्त घायल लखीमपुर खीरी जनपद के रहने वाले हैं। जिसमें सिंघाई थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामनगर निवासी अभिषेक (18), नौरंगाबाद निवासी प्रसादी (7), श्यामू (4), धर्मेंद्र (40), उनकी बेटी संजो देवी (3), पुन्नू (19), अजमानी (30), अलबुमा (16), मुबारक अली (10), मशरुफ (13), कदीर (35), रजवी (15), माया (2), राजबानो (12), हिदायत अली (10), आसीना (15), मशरुफ (35), इंतजार अली (14), शोहरत अली (12), नसामुद्दीन (16), पुपा देवी (35), शाहीन (7), शादाब (2), सबीना (27), रूबीना (27), इम्तियाज (3), शारा (2), ग्राम टांडा मथुआ निवासी अल्ताफ (35), इशितयाक अली (30), सैदपुरा गांव निवासी रंगीलाल (19), बिथुआ गांव निवासी गौतिम (35), सद्दाम (25), उनकी बेटी सबीना (5), समां (4) घायल हुए थे। सभी को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है।


मेडिकल कॉलेज वार्ड में भर्ती घायल। ● अमृत विचार


मेडिकल कॉलेज वार्ड में भर्ती मरीजों को देखते स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

> शुक्रवार सुबह करीब चार बजे मेरठ से लखीमपुर खीरी जा रही एक डीसीएम पेड़ से टकरा गई थी। हादसे में तीन लोगों की जान चली गई है। समस्त लोग श्रमिक परिवार से हैं। सूचना मिलने पर मेडिकल कॉलेज गए थे। घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था की गई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चालक को नींद आने के चलते वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया होगा। हरसंभव मदद कराई जा रही है। – **संजय कुमार सिंह**, जिलाधिकारी पीलीभीत

### थम गए वाहनों के पहिए दो किमी तक लगी कतार

हादसे के बाद असम हाईवे पर एक तरफ पुलिस की टीमें रेस्क्यू करने में जुटी हुई थी। वहीं, दूसरी तरफ वाहनों के पहिए थम गए। हाईवे पर जाम लग गया। दोनों तरफ करीब दो किमी तक वाहनों की कतार लगी रही। समस्त घायलों को अस्पताल भिजवाने के बाद पुलिस ने जाम खुलवाने में कड़ी मशक्कत की। करीब एक घंटे तक हाईवे पर आवागमन बाधित रहा।


घायल से हादसे की जानकारी करते एसपी अविनाश पांडेय। ● अमृत विचार

### क्रेन से हटवाई डीसीएम, फिर निकाले घायल

हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी। पेड़ से टकराने के बाद डीसीएम क्षतिग्रस्त हो चुकी थी और उसमें घायल फंसे हुए लहूलुहान हालत में चीख पुकार कर रहे थे। राहगीर और आसपास के ग्रामीण जमा थे। उनकी मदद से घायलों को बाहर निकालना शुरू किया लेकिन रेस्क्यू में दिक्कत आ रही थी। जिसके बाद पुलिस ने क्रेन मंगवाई। उसके बाद डीसीएम को हटवाया और फिर रेस्क्यू को तेजी मिल सकी।

### अनदेखी, व्यावसायिक वाहन में ढोई जा रही सवारियां

एक बार फिर सड़क हादसे के बाद यातायात नियमों की अनदेखी भी उजागर हो गई। डीसीएम जैसे व्यावसायिक लोडर वाहन में सवारियां ढोई जा रही थी। मेरठ से सवारियां भरने के बाद डीसीएम कस्बा गजरौला तक पहुंच गई लेकिन कहीं पर भी उसकी कोई चेकिंग तक नहीं की गई। हादसे के बाद नियम अनदेखी को लेकर भी सिस्टम पर सवाल खड़े किए जाते रहे। जिसके बाद अधिकारी भी पूर्व की भांति सख्ती करने की बात कहते रहे। जबकि पहले भी इसी तरह से लोडर वाहनों में सवारियां ढोने पर दुखद हादसे हो चुके हैं। उस वक्त भी अभियान चलाकर कार्रवाईयां की गई लेकिन बाद में हालात जस के तस बन गए थे।

### मातम में तब्दील हो गई घर जाने की खुशियां

एक पल में तीन परिवारों की खुशियां हादसे के बाद मातम में तब्दील हो गई। डीसीएम चालक सर्वजीत की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, मृतक रेशमा का परिवार इसी डीसीएम में सवार था। उसके पिता धर्मेंद्र भी हादसे में घायल हैं। मां पुष्पा को भी गंभीर चोटें आई हैं। समीना की मौत से उसके परिवार में मातम पसर गया। मासूम बच्चे भी घायल हुए। कई तो बेफिक्र होकर सो रहे थे कि अचानक झटका लगा और जब आंख खुली तो हर तरफ चीख पुकार मची दिखी। सभी मजदूरी करने के बाद हंसी खुशी घर जा रहे थे कि हादसे का शिकार हो गए। परिवार वाले भी जानकारी मिलने पर पीलीभीत पहुंचे और अपनों का हाल-चाल जाना।

# शिविर में दी कैंप फायर और प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी


शिविर में मौजूद स्काउट गाइड। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** रामलुभाई साहनी महिला महाविद्यालय में चल रहे निपुण जांच शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को भी कार्यक्रम हुए। शिविर की शुरुआत प्राचार्य अंबा प्रसाद ने कराई।

सर्वप्रथम जिला संगठन आयुक्त स्काउट अभिषेक पांडे ने प्राथमिक चिकित्सा का इतिहास, उपयोग, पेटी, स्ट्रेचर इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी। जिला संगठन कमिश्नर गाइड शालिनी पांडे ने रेंजर्स को कैंप फायर के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। प्रादेशिक मुख्यालय से शिविर का निरीक्षण सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर बरेली मंडल नेहा कटियार ने किया। उन्होंने कहा कि जनपद पीलीभीत ने स्काउटिंग के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। हम सभी रेंजर्स को अपनी मेहनत और लगन को बरकरार रखना है। जनपद का नाम स्काउटिंग के क्षेत्र में और भी प्रसारित करना है। प्रशिक्षक तनुष्का शर्मा ने प्रथम सोपान की गांठ, बंधन एवं फांस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सहायक श्रद्धा सिंह ने शिविर में गैजेट्स का उपयोग एवं उसकी जानकारी रेंजर्स को उपलब्ध कराई।

# रोजगार सेवकों ने सचिव का घेराव कर किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** मनरेगा के कार्यों को मनमाने तरीके से कराने का आरोप लगाते हुए रोजगार सेवकों ने शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में एक सचिव का घेराव किया। सचिव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। रोजगार सेवकों ने ग्राम पंचायतों में कराए जाने वाले कार्यों में जिम्मेदारों द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली बरतने का भी आरोप लगाया है।

स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में तैनात अधिकांश सचिवों की मनमानी का आलम यह है कि अधीनस्थ कर्मचारियों से सही ढंग से बात करना तो दूर की बात उनका फोन भी रिसीव नहीं करते हैं। ऐसे में रोजगार सेवक परेशान है। क्योंकि मनरेगा से कच्चे कार्यों का रेसियो पूरा न होने पर रोजगार सेवकों का मानदेय रोका जा रहा है, लेकिन सचिवों पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। बृहस्पतिवार को बीडीओ द्वारा अटल सभागार में रोजगार सेवकों के संग ली गई समीक्षा बैठक में एक सचिव ने अभद्र टिप्पणी कर दी थी, जिसकी वजह से रोजगार सेवक पहले से ही भड़के हुए थे। उधर शुक्रवार को क्षेत्र के कई रोजगार सेवक ब्लॉक परिसर में इकट्ठा हुए। मनरेगा के कार्यों में जिम्मेदारों द्वारा अपनाए जा रहे मनमाने तरीके से काम करने के मामले से निपटाने की रणनीति पर चर्चा करने के लिए आए थे।


सचिव के खिलाफ प्रदर्शन करते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

● **मनमाने तरीके से काम करने और फोन रिसीव न करने का आरोप**

बताते हैं कि इसी बीच एक सचिव बाइक पर सवार होकर मौके पर आए। जिसे देखते ही रोजगार सेवकों ने घेराव कर दिया। इस बीच कुछ प्रधान भी मौके पर आ गए, जिन्होंने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। सचिव पर फोन रिसीव न करने समेत कई आरोप लगाए गए। रोजगार सेवकों का कहना है कि सचिव के मनमाने रवैया की वजह से ग्राम पंचायतों में कच्चे कार्यों का रेसियो पूरा नहीं हो रहा है। जिसकी वजह से उनका मानदेय रोका जा रहा है, लेकिन सचिवों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

यह भी आरोप लगाया कि सचिव बीसलपुर में बैठकर अपनी ग्राम पंचायतों के प्रधानों को बुलाकर काम निपटा लेते हैं, जबकि गांव में न पहुंचने की वजह से लोगों के काम नहीं हो पा रहे हैं।

# कायाकल्प योजना की टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** कायाकल्प अवार्ड को लेकर चल रही तैयारियों के बीच सीएचसी पर मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं को जांचने के लिए कायाकल्प टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम के द्वारा अस्पताल में सफाई व्यवस्था और अन्य बिंदुओं पर गहनता से पड़ताल करते हुए सुधार करने के निर्देश दिए।

सीएचसी बरखेड़ा में शाहजहांपुर से आई कायाकल्प टीम के सदस्य डॉ. तौकीर नबी, डॉ. फिरोज अहमद और इमरान शुक्रवार को निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। टीम ने सीएचसी में पहुंचने के बाद पूरे कैंपस का मुआयना किया। इसके बाद टीम ने इमरजेंसी वार्ड, महिला वार्ड, फार्मेसी, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर को चेक किया। वहां मौजूद संसाधन को देखा। साथ ही तैनात स्टाफ की कार्यशैली को भी भांपा। कैंपस में बायो मेडिकल वेस्ट को चेक किया, तो उसका प्रयोग ठीक ढंग से होता नहीं पाया गया। इसके अलावा टीम ने मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को देखा। फिर टीम ने महिला चिकित्सक कक्ष, शौचालय, पैथोलॉजी लैब, ब्लड कलेक्शन रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण पूरा करने के बाद स्टाफ से कायाकल्प को लेकर सवाल जवाब भी किए। करीब टीम ने दो घंटे तक निरीक्षण करने के बाद वापस लौट गई।


सीएचसी में रजिस्टर को चेक करते कायाकल्प टीम के सदस्य।

**जागरूकता** | अक्षय तृतीया के पर्व पर बाल विवाह रोकने के लिए चलाया गया जन जागरुकता अभियान

# ज्ञान का दीपक जलाना है, बाल विवाह का कलंक मिटाना है

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** एसएन इंटर कॉलेज में शुक्रवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर अक्षय तृतीया के पर्व पर बाल विवाह को रोकने के लिए जन जागरुकता अभियान चलाया गया।

कालेज के नोडल शिक्षक इन्तजार खान की ओर से बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के बारे में छात्र छात्राओं को जानकारी दी। कहा कि अधिनियम के अनुसार लड़के की उम्र 21 बर्ष और लड़की की उम्र 18 बर्ष विवाह के लिए निर्धारित की गई है। इससे कम उम्र में विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। इससे कम उम्र में विवाह करना अपराध है। जिसमें माता पिता के साथ साथ सहयोग करने वाले को भी सजा का प्रावधान है। बाल विवाह निषेध अधिनियम एक नवंबर 2007 से प्रभावी है, जिसका उलंघन करना अपराध माना गया है। इस स्थिति में आप अपने आसपास एवं समाज में इस तरह की घटनाओं को घटने से रोकें और इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दें। जिससे कि एक बाल विवाह के द्वारा किसी भी नाबालिग का भविष्य अंधकारमय होने से बचाया जा सके। इस अवसर पर बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर जनमानस को बाल विवाह एक अभिशाप है इसे कराना पाप है, पहले पढ़ाई फिर विदाई, ज्ञान का दीपक जलाना है, बाल विवाह का कलंक मिटाना है से संबंधित नारे लगा बाल विवाह रोकने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ.जावेद अहमद ने भी जागरूक किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर वाणिज्य प्रवक्ता डॉ.टीएच खान, नसीम वेग, इशरत यार खान, खेल शिक्षक यासीन अहमद, इफ़्तिख़ार अली, शाहिद खान, चमन खान, तारिक मकबूल, इफ्तिखाअली आदि मौजूद रहे।



बाल विवाह रोकने को निकाली गई जागरूकता रैली में शामिल शिक्षक और विद्यार्थी।


बनाए गए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

● **जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर एसएन इंटर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम**

### सामाजिक प्रथाएं एवं परंपराएं बाल विवाह का मुख्य कारण

प्रधानाचार्य डॉ .जावेद अहमद ने कहा कि बाल विवाह के मुख्य कारणों में गरीबी, लड़कियों की शिक्षा का निचला स्तर, लड़कियों को कम महत्व दिया जाना एवं उन्हें आर्थिक बोझ समझना है। सामाजिक प्रथाएं एवं परंपराएं बाल विवाह का मुख्य कारण हैं। उनके उन्मूलन के लिए सरकार व गैर सरकारी संस्थाओं की ओर से पहल की गई है। बाल विवाह के विरुद्ध कानूनों का निर्माण करने के साथ ही लड़कियों की शिक्षा को सुगम बना कर इसे रोका जा सकता है।

### छात्र संसद में अरुण बनाए गए प्रधानमंत्री



**मझोला।** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को छात्र संसद व कन्या भारती के मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक सुरेंद्र मल्ल, अक्षय सिंह, प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कराई। छात्र संसद में अरुण कुमार को प्रधानमंत्री, सुमित गुप्ता को उपप्रधानमंत्री, विशाल राजपूत को सेनापति, चेतन कुमार को उपसेनापति के रूप में चयनित किया गया। इसी प्रकार कन्या भारती के गठन के लिए कोमल को कन्या भारती अध्यक्ष, सृष्टि मौर्य को उपाध्यक्ष, दिशा सिंह को मंत्री, नीतू को उपमंत्री के रूप में चुना गया। इस मौके पर मीडिया प्रमुख अंकित कुमार सिंह ने विजयी सांसदों को आशीष दिया और शपथ ग्रहण कराई गई।



## आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** मदनापुर के एक गांव निवासी व्यक्ति ने तीन मई को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी पत्नी ने फंदे पर लटकर आत्महत्या कर ली है। उसने बताया कि आत्महत्या के पीछे वजह यह है कि थाना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर निवासी सुदेश कुमार उर्फ इंचार्ज ने उसकी पत्नी की आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी थी और गाली-गलौज भी करता रहता था। इससे उसकी पत्नी अवसाद में रहने लगी थी। इसी के चलते पत्नी ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुदेश के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और गाली-गलौज की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी सुदेश कुमार उर्फ इंचार्ज को शुक्रवार दोपहर 12 :40 बजे नवादा रुद्रपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।


शहर के गौरीशंकर मंदिर में भगवान परशुराम का पूजन करने के लिए पहुंचे अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी ● अमृत विचार


अग्रवाल सभा भवन में हुए कार्यक्रम में भगवान परशुराम का नमन करते ब्राहमण चेतना परिषद के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


ब्राह्मण कल्याण समिति की ओर से परशुराम जंयती पर ब्राहम्ण महिला को सम्मानित करते लोग ● अमृत विचार

# शस्त्र और शास्त्र दोनों का ज्ञान... ऐसे हैं हमारे परशुराम

## जिलेभर में विभिन्न संगठनों ने धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती, जगह-जगह हवन- पूजन, शोभायात्रा भी निकालीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भगवान परशुराम की जयंती शुक्रवार को जिले में धूमधाम से मनाई गई। ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की ओर से धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। हवन व यज्ञ कराए गए। जिकई जगह शोभायात्रा निकालकर परशुराम के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया है।

शहर में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की ओर से श्री गौरी शंकर मंदिर के प्रांगण में जिलाध्यक्ष अशोक वाजपेयी समेत महासभा से जुड़े पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यर्पण कर पूजन किया। पंडित शिव मोहन पाठक ने विधि विधान से यज्ञ संपन्न कराया। जिला महामंत्री दीपक शुक्ला, आकाश पाराशर, हर्षित अग्निहोत्री ,आशीष दीक्षित, राहुल शर्मा ,अमित अवस्थी, सचिन मिश्रा, अखिलेश पांडे, पवन मिश्रा, पंकज शर्मा, रत्ना शुक्ला, निर्मल कांत शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा, अतुल शर्मा, श्रीराम शर्मा, शिवनारायण शर्मा, मनोज मिश्रा, आकाश शर्मा, अभय शर्मा, रामानुज अवस्थी, देवेंद्र मिश्रा, अरुण मिश्रा मौजूद रहे।

उधर, ब्राह्मण कल्याण समिति की ओर से मोहल्ला मोहतशिम खां में जयंती मनाई गई। इस दौरान नगर निकाय चुनाव में निर्वाचित ब्राह्मण सभासद पुष्पा उपाध्याय, रत्ना शुक्ला, श्याम लता मिश्रा, वतन दीप मिश्रा, अनीता तिवारी, विवेक पांडे, संजीव शर्मा, अमरीश शर्मा ,अमिताभ त्रिपाठी को माला पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। राजेश मिश्रा, सुनील मिश्रा, रमाकांत पांडे, डॉ. सुभाष त्रिवेदी, डॉ. लक्ष्मी कांत दीक्षित, नरेंद्र उपाध्याय, महेश दुबे, राजीव त्रिवेदी, नितिन मिश्रा, पुनीत मिश्रा, सुधीर शर्मा, अमिताभ अग्निहोत्री, अमित पाठक,अखिलेश शुक्ला, सीबी मिश्रा, संजय मिश्रा, अंशुमान मिश्र, अशोक पाठक, संजीव मिश्रा, धीरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे। ब्राहमण चेतना परिषद ने अग्रवाल सभा भवन में पूजन किया गया। यहां जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, जिला महामंत्री पंडित पंकज शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विवेक अवस्थी, मनोज मिश्र, अरुण आदि मौजूद रहे।

## परशुराम जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा पर पुष्पवर्षा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद के त्रिलोकीनाथ मंदिर में भगवान परशुराम की जयंती पर पूजा अर्चना की गई। इसके बाद ब्राहम्ण सभा ने भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की सहित कई संगठनों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा मुख्य मार्गों से गुजरने के बाद पुनः मंदिर में आकर संपन्न हुई। आयोजन समिति के आलोक नगाइच, नितिन पाठक, मुकेश उपाध्याय, राम प्रकाश मिश्रा, मुकेश अवस्थी, अमित मोहन मिश्रा, राजा शुक्ला, राहुल देव मिश्र्, राजीव पाठक, प्रबल शर्मा, अनुभव अवस्थी, ब्रजेश शुक्ला आदि शामिल रहे।

इधर, मोहल्ला दुबे में भी एक बरात घर में आयोजक समिति के अध्यक्ष रमेश महाराज शुक्ला, पंडित परमेश्वरी दयाल सोमेश मिश्रा, नरेंद्र नाथ शुक्ला, रामनिवास त्रिपाठी, आयुष मिश्रा, अनूप कुमार दुबे मिंटू, अखिलेश मिश्रा अन्य लोगों ने परशुराम भगवान का पूजन किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्रबंधक विष्णु कुमार गोयल, प्रधानाचार्य वीरेंद्र मिश्र, मोहल्ला बख्वरलाल में अवनीश मिश्रा, रामदुलारी श्याम सुंदर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मिश्रीलाल की मौजूदगी में परशुराम जयंती मनाई गई। सरस्वती विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार मिश्र ने स्कूल के शिक्षकों के साथ परशुराम का पूजन किया। इसके बाद कराई गई निबंध प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं में बाल वर्ग से गुलशन ने प्रथम, अंशुल ने द्वितीय और कुशाग्र गंगवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग से आरोही ने प्रथम, प्रियांक सिंह ने द्वितीय एवं सौम्या रिशू सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इन सभी को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।


बीसलपुर में शोभायात्रा में शामिल ब्राहम्ण सभा के लोग। ● अमृत विचार


बीसलपुर में निकाली गई परशुराम जयंती पर सजी मनमोहक झाकियां।

## ब्राह्मणों को दिया संगठित रहने पर जोर

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर के आर्य समाज मंदिर परिसर में कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करके की गई। अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मिश्र चंचल ने की। जबकि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आनंद मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। महासभा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने कहा कि हिंदू कैलेंडर के अनुसार प्रतिवर्ष वैशाख माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान विष्णु वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पृथ्वी पर परशुराम के रूप में अवतरित हुए थे। यह भी कहा कि जो व्यक्ति भगवान परशुराम की पूजा विधि विधान से करता है, उस व्यक्ति को लंबी आयु का वरदान मिलता है। बाह्मण कैसे संगठित हों इस पर भी विचार-विमर्श किया गया। नगर अध्यक्ष आदर्श त्रिपाठी, रामसेवक शुक्ला, प्रियंक तिवारी, श्रीकांत शुक्ला, संतोष शुक्ला राजेश मिश्रा, विनोद अग्निहोत्री, प्रमोद मिश्रा, अशोक शुक्ला, संतोष, अमित मिश्रा, डा. वीरेंद्र शर्मा, संजय अवस्थी, शिवदास पाठक, अटल बिहारी मिश्रा, राहुल त्रिपाठी, रवि शुक्ला, अशोक शुक्ला, रामगोपाल मिश्रा, हरिद्वार लाल मिश्रा आदि मौजूद रहे।


बिलसंडा में हुए जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## परशुराम जयंती पर प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली रोड पर स्थित एक बैंकट हॉल में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने भगवान परशुराम की जयंती मनाई। मुख्य अतिथि बरेली के महापौर उमेश गौतम का समाज के लोगों ने स्वागत किया। पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के चेयरमैन और संगठन के मंडल महामंत्री अमित मिश्रा ने मेयर को फरसा भेंट किया। महासभा के पदाधिकारियों ने चांदी का मुकुट पहनाया। इस दौरान चिकित्सा और न्याय के क्षेत्र में अग्रणी समाज के लोगों को भी सम्मानित किया गया। बार एसोसिएशन के महामंत्री अजय सिंह, एजीडीसी अपराध मनोज मिश्रा, प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन पूरनपुर के अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा के अलावा पंडित और पुरोहितों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। समाज के मेधावी छात्र भी पुरस्कृत किए गए। संगठन के लोगों ने कहा कि ब्राह्मण समाज हित के लिए धर्म कर्म के काम करते रहे हैं। उन्हें शस्त्र और शास्त्र दोनों का ज्ञान है। आदिकाल में आवश्यकता पड़ने पर ब्राह्मणों ने दोनों का उपयोग किया। विशेष अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एसके पांडे और विशिष्ट अतिथि डा. विनोद तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अमित मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, नवनीत मिश्रा, अचलेंद्र मिश्रा, हरिओम बाजपेई, हरिओम पांडे, गौरव पांडे, आशुतोष दीक्षित, सुशील मिश्रा, प्राचार्य सुधीर शर्मा, अवनीश शुक्ला, अभय मिश्रा आदि शामिल हुए।



पूरनपुर में हुए कार्यक्रम में बरेली महापौर उमेश गौतम का स्वागत करते ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

## पिता की हत्या के प्रयास में बेटे को कैद

**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** गांव चांदापुर के अमित कुमार ने बताया पिता अहिबरनलाल 16 अप्रैल 2022 की रात उसके घर से खाना खाकर घर जा रहे थे। रास्ते में जमीन बंटवारे की रंजिश में भाई अखिलेश कुमार ने पिता को जान से मारने की नीयत से तमंचे से पीठ में सटाकर गोली मार दी। तहेरा भाई राकेश, उनका पुत्र सोम व पत्नी पुष्पा आदि लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। अमित की तहरीर पर पुलिस ने अखिलेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-13 में मुकदमे की सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता भावशील के तर्कों को सुनने के बाद दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश कृष्ण लीला यादव ने अखिलेश को 10 वर्ष कारावास की सजा और 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## दुष्कर्म के आरोपी को छिपाया, महिला गिरफ्तार

**पुवायां, अमृत विचार :** 23 मार्च को थाना क्षेत्र के गांव कर किशोरी के पिता ने कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था 22 मार्च की रात उनकी नाबालिग पुत्री अपने साथ उनके भाई की दो पुत्रियों को लेकर बिना बताए कहीं चली गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों बहनों की गुमशुदगी दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने 21 अप्रैल को दो लड़कियों को बस स्टैंड के पास बरामद कर लिया था। कुछ दिनों के बाद पुलिस ने तीसरी लड़की को भूरा उर्फ विजलेश निवासी मोहल्ला बहादुरपुरा थाना सदर बाजार के साथ जिला कारागार के पास से गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी की सहायता करने व उसे छिपाने की आरोपी भूरा उर्फ विजलेश की मां सोमवती को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**मनमानी** फौरी तौर पर जमीन का निरीक्षण कर लौटे एसडीओ, लेखपाल से कराई जाएगी जमीन की नापजोख

# पेड़ काटकर जंगल की जमीन पर कब्जा, जांच को पहुंचे एसडीओ

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** क्षेत्र में फैले जंगल पर भू माफिया की नजर है। एक फॉर्मर द्वारा पेड़ काटकर जंगल की जमीन पर कंटीले तारों की बेरिकेडिंग कर कब्जा किए जाने की शिकायत पर एसडीओ डॉ. सुशील कुमार और सर्वे अधिकारी तेजपाल मौके पर जांच करने पहुंचे और मामले की जानकारी करने के साथ ही जमीन का निरीक्षण किया लेकिन वह लेखपाल से नापजोख के बाद कार्रवाई की बात कह कर लौट गए। पेड़ कटान और जमीन पर कब्जा किए जाने के मामले में डीएफओ आदर्श कुमार गुप्ता से भी शिकायत की गई है।

खुटार की वन रेंज फतेहपुर बीट के निहालपुर जंगल किनारे फार्मरों की खेती है। जहां धीरे-धीरे वन संपदा घट गई और वनभूमि पर कब्जा आसानी से होता चला गया। लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। कुछ दिन पहले निहालपुर जंगल में खड़े पेड़ों पर आरी चला दी गई। पेड़ों को काटकर लकड़ी को उठा ले गए और मिट्टी को बराबर कर वनभूमि पर कब्जा कर लिया गया। इसके बाद उस वनभूमि के चारों ओर तारों को खींच दिया गया। जिससे खेत स्वामी अपना खेत होने का दावा कर सके। इसके बाद कुछ लोगों ने पेड़ काटे जाने की शिकायत वनकर्मियों से की। बावजूद इसके कोई ध्यान नहीं दिया गया। उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद चार मई को एसडीओ डॉ. सुशील कुमार ने सर्वेयर अधिकारी तेजपाल के साथ निहालपुर जंगल में जांच करने पहुंचे। जहां कुछ बोटे लकड़ी मौके पर पड़ी हुई थी और अवैध कब्जा पाया। यह बात भी स्वीकार की कि कटान और कब्जा हुआ है। लेकिन जांच कराने के बाद ही पुष्टि का दावा किया जा सकता है। खास बात यह भी है कि एसडीओ के पहुंचने पर कोई वनकर्मी नहीं पहुंचा। पूछताछ के बाद वापस लौट गए। एसडीओ डॉक्ट सुशील कुमार ने इसकी जानकारी डीएफओ को भी दे दी है।


कटे पड़े पेड़ के बोटे, लगाया गया तार। ● अमृत विचार

### रेंजर ने किया मौका मुआयना

एसडीओ की जांच के बाद कार्रवाई के डर से पांच मई को रेंजर ने वनकर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया था। जहां मामले को रफा दफा किया जा सके। लेकिन अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट पहले से ही बता दी गई है। हालांकि, एसडीओ ने जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

● **कुछ दिन पहले निहालपुर जंगल में खड़े पेड़ों पर चला दी गई आरी**

सर्वेयर के साथ मौके पर पहुंच कर मामला देखा गया था। इंटरनेट से देखकर जांच और नाप कराई जाएगी यदि वन विभाग की भूमि पर कब्जा किया गया है तो कार्रवाई की जाएगी। वनभूमि पर कब्जा बर्दाश्त नही किया जाएगा। -**डॉक्टर सुशील कुमार**, एसडीओ शाहजहांपुर

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats)
100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats)
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। फोन : 0581-2526011, 2526012
द्वारा
निःशुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर
दिनांक-12 मई 2024, दिन-रविवार
समय-प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
❑ आँखों के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
❑ मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
❑ मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
❑ यदि मोतियाबिन्द निकलता है तब आपरेशन रोहिलखण्ड हास्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा घर पर बता कर आयें।
❑ मोतियाबिन्द के मरीज घर से पहचान पत्र, राशन कार्ड या आधार कार्ड में से कोई एक डॉक्यूमेंट अवश्य लायें, साथ ही कम्बल लाना न भूलें।
❑ दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त।
नोट
निशक्त जन सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांग जनो को उनकी जरुरत के मुताबिक ट्राई साईकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीनें वितरण की जायेंगी प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन करायें।
शिविर स्थान
अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
सौजन्य से
अमृत लाल अध्यक्ष
निःशक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकील उद्दीन मो. नं. 8534088093

